# लोकसभा क्षेत्र के विराटनगर विधानसभा में 53.4 प्रतिशत फीसदी मतदान हुआ

**पावटा ।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में गुरुवार को जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के विराटनगर विधानसभा में मतदाताओं ने उत्साह व जज्बे के साथ मतदान किया। अब ईवीएम मशीनों में बंद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला वोटों की गिनती के बाद हो सकेगा।

जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के आठों विधानसभा क्षेत्रों में सुबह से ही मतदाताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। युवाओं व महिलाओं ने भी उत्साह से अपने मताधिकार का उपयोग किया।विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में मॉकपोल के बाद 226 पोलिंग बूथों पर प्रातः 7 बजे से मतदान शुरू हुआ। सुबह वातावरण ठंडा होने से मतदान शुरू होते ही बूथों पर मतदाताओं की कतारें लग गई। प्रातः 10 बजे तक बूथों पर मतदाताओं की कतारें लगी रही। जहाँ विधा यक कुलदीप धनकड अपने परिवार के साथ व लोकसभा चुनाव जयपुर ग्रामीण भाजपा प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह भी मतदान करते नज़र आये। वही ढाणी मान्यवाली निवासी मूर्ति देवी 2 सप्ताह



विराटनगर विधानसभा में मतदाताओं ने उत्साह से मतदान किया।

पहले दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। तबीयत में सुधार होने के बाद मूर्ति देवी उम्र 65 वर्ष ने अपने पुत्र शिक्षाविद किशन लाल यादव को लोकसभा चुनाव में अपना मत प्रयोग करने के लिए कहा। परिजनों के साथ मूर्ति देवी अपने पोते पारस 2 वर्ष को साथ में लेकर लोकतंत्र के महापर्व में मत का प्रयोग कर अपना योगदान दिया।

■ **दोपहर को एक दो मतदाता आते रहे वही सुबह रही मतदान की गति धीमी व शाम को लगी रही कतारें**

बाद में जैसे-जैसे तापमान बढ़ा तो मतदान की गति धीमी होती गई। दोपहर में सूर्यदेव ने अपने तेवर दिखाए तो कई बूथ सूने नजर आए।

दोपहर में अधिकांश बूथों पर एक-दो मतदाता वोट डालने के लिए आते रहे। शाम को 5 बजे बाद फिर से बूथों पर रौनक नजर आई। क्षेत्र में शुरुआत के दो घंटे में प्रातः 9 बजे तक 10.7 फीसदी मतदान हुआ। प्रातः 11 बजे तक 19.83 फीसदी हुआ। इसके बाद तेज धूप के चलते मतदान की गति धीमी हो गई। दोपहर 3 बजे तक मतदान प्रतिशत 35.93 फीसदी रहा। बाद में शाम को फिर से मतदान प्रतिशत बढ़ता गया। शाम को 5 बजे मतदान प्रतिशत 45.48 फीसदी तक पहुंच गया। वही विराटनगर उपखंड अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के विराटनगर विधानसभा मे शाम 6 बजे बाद 53.4 प्रतिशत फीसदी मतदान हुआ है। जबकि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 65.39 प्रतिशत मतदान हुआ था। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में सभी मतदान केन्द्रों पर चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ।

इधर, शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन एवं पुलिस-फोर्स मुस्तैद रही। पुलिस-प्रशासन के अधिकारी व मोबाइल पार्टी दिनभर भागदौड़ करते नजर आए। केन्द्रीय चुनाव पर्यवेक्षक, सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम कपिल कुमार, एएसपी वंदिता राणा, डीएसपी, थाना प्रभारी समेत चुनाव में लगे सभी अधिकारी मुस्तैद रहे और शिकायत मिलने पर कई केन्द्रों का निरीक्षण किया।विभिन्न स्थानों पर बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर युवा सेल्फी लेकर अपनी फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते रहे।

## आज होगा 23 फीट के रावण का दहन

**अलवर।** नौगांवा. बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक रावण के पुतले का दहन शनिवार को किया जाएगा। एक ओर जहां पूरे देश में रावण का दहन कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की दशमी दशहरे पर रावण का दहन किया जाता है, वहीं सूबे के सिंहद्वार एवं मेवात अंचल के कस्बा नौगांवा में रावण दहन की अनोखी परम्परा है, जिसमें रावण दहन दशहरे पर न होकर रामनवमी महोत्सव के तहत चैत्र द्वादशी के दिन किया जाता है।

यह परम्परा कई दशकों से चली आ रही है। नौगांवा कस्बा अपनी परम्पराओं के लिए जाना जाता है। इनमें एक रावण दहन की भी है। नौगांवावासीबुर्जुगों की परम्परा का निर्वहन कर रहे हैं। नगर पालिका चेयरमैन राजीव सैनी, सनातन धर्म कमेटी अध्यक्ष नेमीचन्दजांगिड ने बताया कि रामनवमी महोत्सव का आयोजन नगर पालिका नौगांवा और सनातन धर्म कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में किया जाता है, जिसके तहत भगवान राम की पालकी और शोभायात्रा निकाली जाती है। शनिवार को रावण के पुतले का दहन होगा और कस्बे में मेले का आयोजन होगा। इस दौरान कुश्ती दंगल का आयोजन भी होगा, जिसमें राजस्थान और हरियाणा सहित अन्य राज्यों के पहलवान भाग लेंगे और विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। द्वादशी को दहन के लिए पुतले का निर्माण इन दिनों सनातन भवन में चल रहा है और इसे बनाने का काम हरियाणा के फिरोजपुर झिरका के कारीगर कर रहे हैं। कारीगर बताते हैं कि रावण बनाने का काम वो बचपन से कर रहे हैं। उन्हें ये काम अपने बुजुर्गो से विरासत में मिला है। नौगांवा में रावण का पुतला लगभग 23 फीट का तैयार किया जा रहा है, जिसमें आतिशबाजी लगाई जा रही है। कारीगरों ने बताया कि पूर्व में हरियाणा के फिरोजपुर झिरका में भी रावण का दहन दशहरे के स्थान पर चैत्र द्वादशी को ही होता था, लेकिन बदलते परिवेश के साथ वहां अब दशहरे पर ही रावण दहन होने लगा है।

## भजनामृत का आयोजन 23 को

**पावटा।** भगवान हनुमान का जन्मोत्सव 23 अप्रेल को धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसे लेकर प्रागपुरा क्यारे वाले हनुमान मंदिर में बालाजी नवयुवक मंडल प्रागपुरा के तत्वाधान मे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

बालाजी नवयुवक मंडल प्रागपुरा के पदाधिकारियो व सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 21 अप्रैल रविवार को अखंड रामायण पाठ के साथ होगा। वही 22 अप्रैल सोमवार को रामायण पाठ का समापन हवन के साथ होगा। 23 अप्रैल मंगलवार को रात्रि मे रफीक म्युजिकल ग्रुप जयपुर द्वारा विराट भजन संध्या व ओमकारा आर्टस सिरसा हरियाणा मोहित सोनी ग्रुप द्वारा संजीव झाकियों का आयोजन किया जायेगा। वही 23 अप्रैल मंगलवार को 56 भोग श्रृंगार की झांकी, प्रातः 7.15 बजे प्रभात झांकी व कलश यात्रा, दोपहर 3 बजे कुश्ती का आयोजन किया जायेगा। जिसमे अधिक से अधिक धर्म प्रेमियों को आयोजित विभिन्न कार्यक्रमो में शामिल होने का आव्हान किया गया है।

## मतदाताओं ने लोकतंत्र के महायज्ञ में दी मतों की आहुति

**चाकसू**(निस) लोकसभा के पहले चरण के शुक्रवार को दौसा लोकसभा क्षेत्र के चाकसू विधानसभा में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। चाकसू विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं ने प्रातः 7 बजे से शाम 6: बजे तक मतदान की आहुति देकर अपना कर्तव्य पूर्ण किया। वहीं कस्बे के मोहल्लों सहित गांवों की पगडंडियों पर घूंघट ओढ़े नारी शक्ति ने भी परिजनों और सहेलियां के साथ मतदान बूथ पर पहुंच कर मतदान कर अपनी शक्ति दिखाई। कई बूथों पर लम्बी लाइन होने की वजह से मतदाताओं को मतदान केंद्र परिसर में ले लिया जंहा 6 बजे बाद भी वोटिंग होती रही ।बुजुर्गो के साथ युवाओं में मतदान के प्रति उत्साह दिखाई दिया। गांव से लेकर कस्बे में मतदाताओं ने लोकतंत्र के पर्व में आहुति देकर इसकी सुंदरता को बढ़ाया है।

बीएलओ लक्ष्मीकांत टांक ने बताया कि आदर्श मतदान केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट सहित आकर्षक सजावट की गई थी। सेल्फी प्वाइंट सभी मतदाताओं के आकर्षण का केंद्र रहा।

जहां हर उम्र का मतदाता मतदान के बाद फोटो खींच कर मतदान के प्रति उत्साह दिखा रहा था।। वहीं पहली बार मतदान करने आ रहे मतदाताओं को निर्वाचन विभाग की ओर से सर्टिफिकेट दिया जा रहा है। पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं के चेहरे मतदान के बाद प्रफुल्लित नजर आ रहे हैं। युवा मतदाता स्वयं को लोकतंत्र में भागीदार मानकर गौरवान्वित हो रहे थे।

चाकसू विधानसभा क्षेत्र से 54 प्रतिशत मतदान रहा। मतदान के बाद कांठोस एवं भाजपा के समर्थक अपने-अपने हिसाब से हार जीत के समीकरण लगाने में लगे हुए हैं हालांकि सारी स्थिति का 4 जून को ही साफ हो पाएगी मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियां गुरुवार शाम को ही पहुंच चुकी थी। मतदान शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन विभाग व पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस का जाप्ता और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध थी। थानाप्रभारी कैलाश दान ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश से चाकसू कोटखावदा शिवदासपुरा थाना अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता एवं अतिरिक्त व्यवस्था हेतु आरएसपीएफ के जवान और अधिकारी तैनात थे जो पूरी चुनावी प्रणाली पर पैनी निगरानी रखे हुए थे। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम शिवचरण शर्मा के अनुसार चाकसू विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,32,685 वोटर्स हैं। जिनमें 1,21,141 पुरुष और 1,11,544 महिलाएं शामिल है ।पहले चरण के लिए वोटिंग के लिए 241 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें 7 सहायक मतदान केंद्र भी शामिल हैं ।

## भाजपा प्रत्याशी जौनापुरिया से मतदाताओं ने बनाई दूरियां!

**मालपुरा,**(निस) टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी बने सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने शुक्रवार को मालपुरा शहरी क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक नुक्कड सभाऐं कर मतदाताओं से रूबरू होने तो पहुंचे लेकिन मतदाताओं ने जौनापुरिया से दूरियां बना ली।

भाजपाईयो के साथ भाजपा प्रत्याशी ने जनसम्पर्क की खानापूर्ति की। शुक्रवार को स्थानीय भाजपाईयो के साथ भाजपा प्रत्याशी जौनापुरिया ने नगरपालिका शहरी क्षेत्र मे कृषि मंडी, गांधी पार्क,इन्द्रा कॉलोनी,बृजलाल नगर,जैन मंदिर टोडान के पास सहित आधा दर्जन से अधिक प्रमुख स्थानो पर नुक्कड सभाऐं कर भाजपा के पक्ष मे मतदान की अपील की। दस साल मे पहली बार मालपुरा शहरी क्षेत्र मे जनसम्पर्क व नुक्कड सभाऐं करने पहुंचे जौनापुरिया से मतदाताओं ने दूरियां बनाते हुये कहा कि जो व्यक्ति



भाजपाईयो के साथ भाजपा प्रत्याशी ने मालपुरा शहर में किया जनसम्पर्क

शहर के विकास के बजाय स्वंय का विकास कर सत्ता सुख भोगने मे व्यस्त हो ऐसे व्यक्ति को मतदान करने से तो बेहतर होगा कि वो अपना मत नोटो मे कर दे। जौनापुरिया ने मोदी के नाम पर दो बार मतदाताओं से अपना समर्थन लेकर दस साल तक सांसद की कुर्सी पर काबिज रहे। लेकिन मालपुरा विधानसभा क्षेत्र तो दूर नगरपालिका शहरी क्षेत्र में एक फुटी कोढी का विकास नही करवाया और ना ही कभी जनता के बीच सुख-दुख मे शामिल हुये। इतना ही नही नाराज मतदाताओं ने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार के अन्तिम कार्यकाल मे राजस्थान मे नये जिलो का गठन किया जा रहा था। तो उस समय मालपुरा की जनता 2०० दिनो से अधिक धरना,प्रदर्शन,आमरण अनशन,जेल भरो आंदोलन सहित सैंकडो कार्यक्रमो के जरिये मालपुरा जिला बनाने की मांग करते हुये आंदोलन किया लेकिन जौनापुरिया ने एक भी दिन मालपुरा को जिला बनाने की मांग का समर्थन कर जनआंदोलन मे शामिल हो सरकार पर दबाव नही बनाया। जिस व्यक्ति को शहर का विकास व जनता के दुख-दर्द से कोई वास्ता नही हो ऐसे व्यक्ति जो बरसाती मेंढक की तरह चुनावी दिनो में आकर चिकनी-चुपडी बाते करने तथा एक बार फिर मोदी के नाम पर जनता से वोट बटोरने की योजना मे शामिल होने के बजाय अब जनता अपने विवेक से इस बार मतदान करेगी।

## भगवान महावीर व पारसनाथ की रथ यात्रा निकाली

**निवाई ।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में महावीर जयंती महोत्सव के तीन दिवसीय मेले को लेकर शुक्रवार को भगवान महावीर एवं पारसनाथ की रथ यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। प्रवक्ता विमल जोला व राकेश संघी ने बताया कि महोत्सव को लेकर रथ यात्रा में सबसे आगे ध्वजारोहण कर्ता पारसमल, राजेंद्र कुमार पहाड़ी परिवार बगी में बैठकरचल रहे थे। तत्पश्चात बैंड बाजे के मधुर भजनों पर महिला मंडल भक्ति नृत्य करने के साथ भगवान महावीर की जयकारा लगाते हुए चल रही थी। इसके बाद बालिका मंडल भक्ति नृत्य में झूमते हुए चल रही थी। उनके पीछे जैन समाज के युवा भक्ति नृत्य के साथ भगवान महावीर के नारे लगाते हुए चल रहे थे। अंत में पीली पाठ के रथ में विराजमान भगवान महावीर व पारस को विमल बडेरा सारथी के रूप में रथ को खेचते हुए चल रहे थे। रथ में खजानजी के रूप में राजकुमार ऋतिक कुमार संघी कुबेर के

■ **मधुर भजनों पर महिला मंडल भक्ति नृत्य करने के साथ भगवान महावीर की जयकारे लगाते हुए चल रही थी।**

रूप में बैठे हुए थे। भगवान के चंवर ढुराने का सौभाग्य सुरेश कुमार पटनी को मिला। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा का विशाल जुलूस श्री दिगंबर जैन बड़े मंदिर से रवाना होकर कायस्थों का मोहल्ला, पटेल रोड, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी, बिचला जैन, मंदिर चौहटी, बाजार गंणगौरी बाजार, पुलिस थाना होता हुआ पारसनाथ उद्यान नसिया मंदिर पहुंचा। जहां पारसमल राजेंद्र कुमार पहाड़ी परिवार ने ध्वजारोहण करके महावीर जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद संत निवास में भक्तामर महामंडल विधान का आयोजन हुआ।

## शर्दुलपुरा बूथ पर मतदान करने पहुंची दुल्हनें

**फुलेरा ।** कस्बे सहित आस पास के क्षेत्र और सम्पूर्ण जिले में शुक्रवार को निर्वाचन विभाग के द्वारा पूर्ण तैयारियों के साथ लोकसभा चुनाव 2024 के तहत प्रथम चरण की वोटिंग संपन्न करवाई गई। इसके चलते फुलेरा क्षेत्र में भी कुल 17 बूथों पर लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की वोटिंग प्रातः 7 बजे शुरू हुई जो कि सांय 6 बजे तक चली। जयपुर ग्रामीण से भाजपा प्रत्याशी के रूप में राव राजेन्द्र सिंह व कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में अनिल चोपडा सहित कुल 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। परन्तु सीधी टक्कर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के मध्य ही देखी जा रही है।

हालांकि मौसम का तापक्रम ज्यादा होने के कारण प्रातः 11 बजे के बाद मतदाताओं का मतदान के प्रति रुख कम नजर आया है। लेकिन सांय 5 बजे बाद फिर से मतदाताओं में इजाफा हुआ। दोनों ही मुख्य राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मतदान करवाने के लिए मतदाताओं को लेकर





शर्दुलपुरा में बनाए गए मतदान बूथों के सेल्फी पोइंट पर फोटो खिंचवाती दुल्हने।

आ रहे थे।

इसी क्रम में फुलेरा शहर में भी भाजपा प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह और कांठोस प्रत्याशी चोपड़ा के मध्य सीधा मुकाबला नजर आ रहा है। जहां एक तरफ भाजपा से लोकसभा चुनाव संयोजक और पूर्व हैट्रिक विधायक निर्मल कुमावत की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है तो वही कांठोस से बड़े चेहरे के रूप में पूर्व केबिनेट मंत्री, सांसद और विधायक रह चुके दिवंगत डॉ. हरिसिंह के पुत्र और फुलेरा विधानसभा के वर्तमान विधायक विद्याधर सिंह चौधरी खुद लोकसभा चुनाव की कमान संभाल रहे है। दोनों दिग्गजों में अब कौन बाजी मारेगा ये तो समय ही तय करेगा। लेकिन जनता के मन में चुनावों को लेकर कई मुद्दे है। कुछ मतदाताओं ने बताया कि हम राष्ट्रिहत में मतदान करने जा रहे है। तो वहीं कुछ ने देश की उन्नित के लिए वोट डालने की बात कही। इसी क्रम में शर्दुलपुरा निवासी भुपेन्द्र चौहान ने बताया कि उनकी भतीजी अंजली व सरोज चौहान में उक्त चुनाव में मतदान को लेकर इतना उत्साह था कि उनके कन्यादान के बाद भी वोटिंग चालू होने का इंतजार करके राष्ट्र हित में मतदान कर अपने पिया के साथ ससुराल के लिए विदा हुई।

निर्वाचन विभाग के द्वारा भी मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए अनोखी पहल की गई। निर्वाचन विभाग ने नवमतदाताओं, तीन पीढ़ी के मतदाताओं को एक साथ मतदान करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। क्षेत्र के लगभग सभी बूथों पर मतदान करने के लिए मतदाताओं में उत्साह नजर नही आया। दोपहर में तेज गर्मी होने के कारण एकाएक मतदाताओं के अभाव में मतदान केन्द्र सुने नजर आए, तो वही पोलिंग बूथ के कर्मचारी भी मतदाताओं की राह देखते हुए नजर आए। निर्वाचन विभाग के अधिकारी महेन्द्र सिंह यादव से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में कुल 59 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुरक्षाकर्मी भी मौजूद रहें।

## सार-समाचार

### मतदाताओं में उत्साह देखा गया

**गोविंदगढ़ /अलवर,** गोविंदगढ़ कस्बे में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आम जन में काफी उत्साह देखा गया जिसमें युवा महिला बुजुर्ग ने बढ़ चढ़कर भाग लिया वृद्ध व्यक्ति श्री देवस्वरूप गौतम पूर्व पंचायत प्रसार अधिकारी जिनकी उम्र 75 ने भी अपने मत का प्रयोग किया वहां पर सरकार की व्यवस्थाओं को भी सहारण की व्हीलचेयर पर बैठकर बूथ संख्या 249 पर पहुंचे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोविन्ददगढ़ में बूथ संख्या 249 में टोटल वोट है 1145 जिसमें से 688 मत गिरे गोविंदगढ़ मंडल मैं सात शक्ति केंद्र है रामगढ़ विधानसभा में लगभग 62. 88 प्रतिशत मतदान हुआ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपनी की जान लगा दी घर-घर से वोट को निकालने में और राष्ट्रिहत में मत देकर अपने अपने आप को गौरवंशिक महसूस किया भारत का संविधान में एक ही अधिकार देता है जो की मत का अधिकार है जिसे व्यक्ति अपनी मर्जी से किसी को भी दे सकता है भारत के संविधान के अनुसार हर व्यक्ति को अपने मत का उपयोग करना चाहिए और अच्छी सरकार बनाने में सहयोग करना चाहिए जो राष्ट्रिहत में हो देश हित में हो

### क्षेत्र में 48.57 प्रतिशत हुआ

**श्रीमाधोपुर।** विधानसभा क्षेत्र में 253 मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से शांतिपूर्ण शाम 6 बजे तक शांतिपूर्ण मतदान 18 वीं लोकसभा के लिए सम्पन्न हुआ। क्षेत्रीय विधायक तथा यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा अपने बूथ संख्या 122 पर सवेरे 8 बजकर 50 मिनट पर मतदान किया। राजस्थान में भाजपा एक बार फिर 25 की 25 सीटें जीतकर तीसरी बार अपनी हैट्रिक बनाएगी। वही देश में मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अपने 400 के लक्ष्य को पार करते हुए फिर से भाजपा की सरकार बनायेगी। 253 कुल पोलिंग बूथों पर पुलिस तथा पैरामिलिट्री फोर्स का निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण मतदान करवाने को लेकर जाप्ता तैनात रहा। 253 मतदान बूथों पर कुल 48.57 प्रतिशत हुआ। लोकसभा चुनाव 2019 में विधानसभा में कुल 60.49 प्रतिशत जो इस बार गत लोकसभा चुनाव से कुल 11.92 प्रतिशत मतदान कम हुआ। विधानसभा में सबसे कम पोलिंग बूथ संख्या 182 दिवराला पर 29.83 प्रतिशत तथा मतदान सबसे अधिक गीदावाला पोलिंग बूथ संख्या 14 पर 65.79 प्रतिशत मतदान हुआ।

### 'एक वोट से सरकार बनती भी है और गिरती भी हैं'

**मनोहरपुर ।** शाहपुरा विधानसभा क्षैत्र के प्रभारी नदीम पठान ने कहा कि एक वोट से सरकार बनती भी है और गिरती भी हैं, इसलिए एक एक वोट की भी बहुत बड़ी ताकत होती है इसलिए ये देखे कि किसने मतदान नही किया है जिसने मतदान नही किया है उससे मतदान कराए यह शब्द पठान ने मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहे। इधर लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को हुए मतदान के दौरान तेज गर्मी और शादी समारोह के चलते सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदान करने वालों की संख्या कम रही। जानकारी के अनुसार दोपहर में तेज धूप के बाद लोगों को शाम को 3 से 6 बजे तक मतदान बढ़ने की उम्मीद थी किंतु मतदान केंद्रों पर मतदाता नहीं पहुंच सके। कार्यकर्ताओं के काफी प्रयास के बावजूद शाम 5 बजे तक मनोहरपुर में 48 फीसदी मतदान ही हो सका। मतदान करने आई 85 वर्षीय फूली देवी ने बताया कि मतदान में धीरे-धीरे काफी बदलाव हुए हैं । प्रचार का शोर शराबा बढ़ा है वही मतदान करने आने वाले लोगो के लिए व्हीलचेयर, पानी, मतदान केंद्र तक आने के वाहन की सुविधा, छाया सहित कई सुधार हुए हैं। प्रथम बार मतदान करने आई शिकारपुरा निवासी पूजा गुर्जर उम्र 18 वर्ष व रांची गुर्जर उम्र 19 वर्ष ने बताया कि वह पहली बार मतदान करने आई है और वह विकास और राष्ट्र को ध्यान में रखते हुए मतदान करेगी। शुक्रवार को ही विवाह कर मतदान करने आए प्रतापपुरा निवासी दिनेश कुमार गुर्जर ने बताया कि एक-एक वोट का महत्व है और भी अपना वोट का महत्व समझते हुए वोट करने आए हैं। किन मुद्दों पर वोट देंगे के जवाब पर उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि मानते हुए मतदान करेंगे।

### राजगढ़ में मतदान करने में उत्साह कम रहा

**राजगढ़ ।** लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को हुए मतदान में धूल भरी आंधी एवं शादी समारोह के चलते मतदाताओं में उत्साह का अभाव रहा। अधिकांश मतदान केन्द्रों पर सूर्य की तेज तपिश एवं विवाह आयोजन के कारण सुना पन का आलम रहा। लोकसभा चुनाव में हुए मतदान में शहरी क्षेत्र एवं प्रमुख गांवो में मतदान करने वाले महिला पुरुषों में उत्साह दिखाई दिया। पहली बार वोट डालने आए युवा मतदाताओं में सेल्फी लेने को लेकर भी विशेष जोश देखा गया। राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदान केदो पर सुबह एवं शाम मतदाताओं में वोट डालने के प्रति ललक दिखाई दी । लोकसभा चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में विशेष उत्साह नजर नहीं आया। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश मतदान केंद्र सुने नजर आए। लोगों में चर्चा थी कि जिन मतदाताओं को घरों पर लेने के लिए साधन आ गए वह तो मतदान केदो तक पहुंच गए मगर जिनके पास साधन नहीं पहुंचे वह मतदान करने नहीं पहुंचे। लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए एक प्रत्याशी की ओर से मतदाताओं को बूथों तक लाने के लिए कार्यकर्ताओं की कमी चर्चा में रही। राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में प्रातः 9 तक 10. 97, 11 बजे तक 23.63, 1तक 34.10, 3 तक 39.91 एवं 5 तक 48.67 प्रतिशत मतदान हुआ। राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में कुछ मतदाता पैदल चलकर भी मतदान केंद्र तक पहुंचे। नव मतदाताओं सहित अन्य मतदाताओं में सेल्फी लेने का क्रेज भी छाया रहा. कस्बे के गंगा बाग मतदान केंद्र पर नव विवाहित हेमा बैरवा ने प्रथम बार मतदान कर विदाई ली।

### मतदान में युवतियों में रहा खासा उत्साह

**श्रीमाधोपुर ।**लोकसभा चुनाव 2024 के शुरू हुए मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए पहुंची युवतियों में खासा उत्साह रहा। बूथ संख्या 98 पंचायत समिति परिसर में सुष्मिता सेनी ने बताया पहली बार मतदान करने पहुंची ।प्रथम बार मतदान करने पर निर्वाचन विभाग द्वारा एक सर्टिफिकेट दिया गया ।लोकतंत्र में प्रथम बार मतदान करने को लेकर हमारे में काफी उत्साह था।प्रथम मतदान के उत्साह में युवतियां 7 बजते ही मतदान केंद्र पहुंची व अपनी चार बहनों के साथ वोटिंग की ।सैनी ने बताया कि अपना मतदान देकर लोकतंत्र में निभाई अपनी अहम भूमिका निभाई है और यह सभी को करना चाहिए।

## सांभर में 65.12 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर में शुक्रवार को जयपुर ग्रामीण संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव में 65.12 मतदाताओं ने अपनी भागीदारी निभाई। मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ, कहीं से कोई गड़बड़ी के समाचार नहीं मिले। सांभर में सुबह मतदान में तेजी के बाद अनेक मतदान केंद्रो पर दोपहर करीब 1 बजे से शाम 4:00 बजे तक धीमा रहा। धूप कम होने के बाद शाम 5:00 बजे से मतदान समाप्ति तक बुजुर्ग और महिला वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ।

सांभर के भाग संख्या 149 पर सबसे कम 55.89 तथा सबसे अधिक भाग संख्या 152 पर 70.99 मतदान हुआ। इसके लिए सांभर में कुल 15 मतदान केंद्र बनाए गए। कुल मतदाता 17462 में से 11372 मतदाताओं ने वोट डाले। इस प्रकार सांभर में 65.12 मतदान हुआ। दिव्यांग और बुजुर्गों को उनके परिवार की ओर से व्हीलचेयर अथवा अन्य दूसरे साधनों से मतदान केंद्र तक लाया गया। ऐसे लोगों में भी मतदान के प्रति काफी उत्साह देखा गया। मतदान स्थल से 200 मीटर दूरी पर ही दोनों ही पार्टी के दलों के कार्यकर्ता अपने-अपनी टेबल कुर्सी लगाकर पर्ची देते रहे। मतदान केंद्र में भी दोनों दलों के एजेंट सक्रिय नजर आए। सभी मतदान केदो पर पुलिस की मौजूदगी रही तथा भीड़ को नियंत्रित करते भी देखा गया। मतदान करने वालों से उनके मोबाइल भारी रखवा लिए गए। पूछने पर बताया कि सेक्टर अधिकारी के निर्देश हैं, वोटरों ने भी इसका पूरा पालन किया।